<u>*प्रेस विज्ञप्ति*</u>

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# <u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

## <u>विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ</u>

पन्तनगर। 22 फरवरी 2025। विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा महाविद्यालय एवं अखिल भारतीय जनस्वास्थ्य पशु वैज्ञानिक संगठन के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। जलवायु परिवर्तन परिदृश्य से होने वाले रोगी, औषधि प्रतिरोधकता तथा खाद्य सुरक्षा कार्यक्रम क्रियान्वन पर आयोजित इससम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय माँस अनुसंधान संस्थान हैदराबाद के निदेशक डा. एस. बी. बारबुधे ने किया। इस अवसर पर ए. पी. एच. बी. के अध्यक्ष व पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय के पशु जनस्वस्थ्य विज्ञान विभाग, पंतनगर के विभागाध्य क्ष डा. अजय कुमार उपाध्याय ने जलवायु परिवर्तन से पशुओं, मनुष्यों, कृषि एवं वातावरण पर पड़ने वाले गम्भीर परिणामों पर वैज्ञानिकों का ध्यान अकर्षित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरदार बल्लभ भाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्य ालय के कुलपति डा. के.के. सिंह ने की एवं डा. प्रशांत त्रिपाठी कमांडेंट केन्द्रीय मिलिट्रि पशुचिकित्सा प्रयोगशाला विशिष्ठ अतिथि के रुप में उपस्थित थे। इस आयोजन में पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय, पंतनगर की छात्रा डा. शिवांगी मौर्य एवं डा. सिमरनजीत कौर सेतिया को उनके दो अलग–अलग सत्रों में उत्कृष्ट शोध पत्र हेतु क्रमशः बेस्ट ओरल प्रजेन्टेशन एवं बेस्ट पोस्टर प्रजेन्टेशन पुरस्कार मिले। समापन सत्र के मुख्य अतिथि सम्मानित पूर्व ए.डी.जी. एनिमल साइंस डा. अशोक कुमार द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के अन्त में हुए समान्य संगठन सदस्यों द्वारा डा. अजय कुमार उपाध्याय को ए.पी.एच.वी. संगठन का आगामी दो वर्षो के लिए पुनः अध्यक्ष चुना गया। अधिष्ठाता पशुचिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन विज्ञान महाविद्यालय, डा. ए.एच. अहमद ने पुनः अध्यक्ष चुने जाने पर डा. अजय कुमार उपाध्याय को बधाइ दी।

*सम्मेलन में मंचासीन अतिथिगण।*

**निदेशक संचार**